अनुक्रमांक..................
नाम........................

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16
No. of Printed Pages : 16

**932**

**825 (GQ)**

# 2026
# सामाजिक विज्ञान / Social Science

**समय : 3 घण्टे, 15 मिनट**
**Time : 3 Hours, 15 Minutes**

**पूर्णांक : 70**
**Maximum Marks : 70**

**सामान्य निर्देश :**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) इस प्रश्न-पत्र के दो खण्ड, खण्ड—'अ' तथा खण्ड—'ब' हैं।

(iv) खण्ड 'अ' में एक अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक पर नीले अथवा काले बाल प्वाइंट कलम से सही विकल्पवाले गोले को पूर्ण रूप से काला कर चिह्नित करें।

(v) खण्ड 'अ' के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक पर ही उत्तर दें। ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक पर उत्तर देने के पश्चात् उसे काटें नहीं तथा इरेजर अथवा व्हाइटनर का प्रयोग न करें।

(vi) प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(vii) खण्ड 'ब' में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। इस खण्ड में वर्णनात्मक-I, वर्णनात्मक-II तथा मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं।

(viii) खण्ड—ब में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें।

(ix) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए। जो प्रश्न न आता हो, उस पर समय नष्ट न कीजिए।

(x) दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के साथ मजबूती से संलग्न करना आवश्यक है।

(xi) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न 9 (A) तथा 9 (B) लिखने के लिए दिए गए हैं।

**General Instructions :**

UPBoardHub

i) **First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.**

ii) **All questions are compulsory.**

iii) **This question paper has two-parts, Part 'A' and Part 'B'.**

iv) **Part—A consists of 20 Multiple Choice Questions of one mark each that have to be answered on the OMR Answer Sheet by darkening completely the correct circle with blue or black ballpoint pen.**

v) **For Part—A, read the question-wise instructions and mark your answer on the given OMR Answer Sheet only. Do not erase, cut or use whitener on the OMR Answer Sheet after answering.**

vi) **Marks of the questions are mentioned against them.**

vii) **Part—B consists of Descriptive Type Questions of 50 marks. There are Descriptive—I, Descriptive—II and two map related questions in this part.**

viii) **All the questions of Part—B are to be attempted all at a time.**

ix) **Start from the first question and go up to the last question. Do not waste your time on the question you cannot solve.**

x) **Attach firmly the supplied maps in your answer-book.**

xi) **For visually impaired examinees, Question Nos. 9 (A) and 9 (B) have been given separately for writing answers in lieu of map work.**

# खण्ड 'अ' — बहुविकल्पीय प्रश्न

# Part 'A' — Multiple Choice Type Questions

**निर्देश : नीचे दिए गए प्रश्नों के प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उसे OMR उत्तरपत्रक में चिन्हित कीजिए।**

**Instructions : Four alternatives are given for each of the following questions. Choose the correct alternative and mark on OMR Answer Sheet.**

1. नीचे दो कथन (X) और (Y) दिए गए हैं। दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। **(1)**

(X) फ्रांस में निरंकुश राजतंत्र था।

(Y) 1789 में फ्रांसीसी क्रांति हुई।

A) (X) और (Y) दोनों सही हैं। (X), (Y) का परिणाम है।

B) (X) और (Y) दोनों सही हैं। (Y), (X) का परिणाम है।

C) (X) सही और (Y) गलत है।

D) (Y) सही और (X) गलत है।

**Two statements (X) and (Y) are given below. Read both the statements and choose the correct option.**

**(X) There was absolute monarchy in France.**

**(Y) French revolution took place in 1789.**

A) **(X) and (Y) both are true and (X) is a result of (Y).**

B) **(X) and (Y) both are true and (Y) is a result of (X).**

C) **(X) is true and (Y) is false.**

D) **(Y) is true and (X) is false.**

2. 1871 में काइजर विलियम प्रथम को किस साम्राज्य का सम्राट घोषित किया गया ? **(1)**

A) इटली

B) फ्रांस

C) जर्मनी

D) ब्रिटेन

**In which empire was Kaiser William I declared as emperor in 1871 ?**

A) **Italy**

B) **France**

C) **Germany**

D) **Britain**

3. 'कॉर्न लाज' समाप्त करने का प्रमुख कारण क्या था ? **(1)**

A) जनसंख्या वृद्धि

B) कृषि उत्पादों की अधिकता

C) मक्का के आयात पर नियंत्रण

D) उद्योगपतियों एवं शहरी जनता का विरोध

**What was the main cause of the end of 'Corn Laws' ?**

A) **Increase in population**

B) **Excessive agricultural products**

C) **Control on corn import**

D) **The protest by industrialists and urban people.**

4. निम्नलिखित में से किसको ब्रिटेन—वुड्स की जुड़वा सन्तान कहा जाता है ? **(1)**

A) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व स्वास्थ्य संगठन

B) विश्व व्यापार संगठन और आई. एम. एफ.

C) विश्व बैंक और आई. एम. एफ.

D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Which one of the following is called Bretton Woods Twins ?**

A) **I. M. F. and W. H. O.**

B) **W. T. O. and I. M. F.**

C) **World Bank and I. M. F.**

D) **None of these.**

5. 'गुलामगिरी' में किस समस्या का उल्लेख किया गया है ? **(1)**

A) विधवा विवाह

B) छुआछूत

C) बालविवाह

D) जाति प्रथा

UPBoardHub

**’Gulamgiri’ is related to the problem of —**

A) **widow marriage**

B) **untouchability**

C) **infant marriage**

D) **casteism**

6. निम्नलिखित में कौनसा भारत में सर्वोच्च है ? **(1)**

A) संसद

B) संविधान

C) कार्यपालिका

D) न्यायपालिका

**Which of the following is supreme in India ?**

A) **Parliament**

B) **Constitution**

C) **Executive**

D) **Judiciary**

7. भारतीय संविधान के बारे में कौनसा कथन गलत है ? **(1)**

A) यह धर्म के आधार पर भेदभाव की मनाही करता है।

B) यह एक धर्म को राजकीय धर्म मानता है।

C) सभी लोगों को किसी भी धर्म का पालन करने की छूट देता है।

D) किसी धार्मिक समुदाय में सभी नागरिकों को बराबरी का अधिकार देता है।

**Which one of the following statements about India’s Constitution is incorrect ?**

A) **Prohibits discrimination on grounds of religion**

B) **Gives official status to one religion**

C) **Provides all individuals freedom to profess any religion**

UPBoardHub

D) **Ensures equality of all citizens within religious communities**

8. निम्नलिखित में कौनसा लोकतंत्र का मूलभूत सिद्धान्त है ? **(1)**

A) एक व्यक्ति का शासन

B) वंशानुगत मानदंडों का शासन

C) स्वतंत्रता के साथ लोगों का शासन

D) सैन्य प्रमुखों का शासन

**Which one of the following is a fundamental principle of democracy ?**

A) **Rule of single individual**

B) **Rule with hereditary norms**

C) **Rule of people with freedom**

D) **Rule of military chiefs**

9. राजनीतिक दलों के सामने कौनसी चुनौतियाँ हैं ? **(1)**

A) आन्तरिक लोकतंत्र का न होना।

B) परिवारवाद

C) धन और अपराधी तत्वों का प्रभाव

D) इनमें से सभी

**What are the challenges before political parties ?**

A) **absence of internal democracy.**

B) **familism**

C) **influence of money and criminal elements**

D) **All of these.**

10. महिलाओं को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' के अनुसार कहाँ आरक्षण नहीं दिया गया है ? **(1)**

A) लोकसभा में

B) राज्यसभा में

C) विधानसभा में

D) दिल्ली विधानसभा में

**Where are women *not* given reservation according to 'Nari Shakti Vandan Adhiniyam, 2023' ?**

A) **In Lok Sabha**

B) **In Rajya Sabha**

C) **In Vidhan Sabha**

D) **In Delhi Vidhansabha**

11. 'चिपको आंदोलन' का उद्देश्य क्या था ? **(1)**

A) वन संरक्षण

B) जल संरक्षण

C) वन्य जीव संरक्षण

D) कृषि संरक्षण

**What was the objective of 'Chipko Movement' ?**

A) **Forest conservation**

B) **Water conservation**

C) **Wild animals conservation**

D) **Agriculture conservation**

12. निम्नलिखित में से आधारभूत खनिज को छाँटिए। **(1)**

A) सोना

B) चाँदी

C) ताँबा

D) लौह अयस्क

**Select the basic Mineral from the following :**

A) **Gold**

B) **Silver**

C) **Copper**

D) **Iron — ore**

13. निम्नलिखित में से एक संस्था अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बन्धित है : **(1)**

A) विश्व व्यापार संगठन

B) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

C) विश्व स्वास्थ्य संगठन

D) विश्व बैंक

**One of the following organisations is associated with International Trade :**

A) **World Trade Organisation**

B) **International Monetary Fund**

C) **World Health Organisation**

D) **World Bank**

14. निम्नलिखित में से कौनसा अनाज मोटा अनाज कहलाता है ? **(1)**

A) मक्का

B) रागी

C) बाजरा

D) दिए गए सभी

**Which one of the following food grain is called Millet ?**

A) **Corn**

B) **Ragi**

C) **Pearl**

D) **All of these**

15. भारत का कौनसा शहर 'इलेक्ट्रानिक राजधानी' कहलाता है ? **(1)**

A) केरल

B) बेंगलुरु

C) हैदराबाद

D) पंजाब

**Which city of India is called 'Electronic Capital' ?**

A) **Kerala**

B) **Bangaluru**

C) **Hyderabad**

D) **Punjab**

16. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम किस वर्ष में पारित हुआ ? **(1)**

A) 1985

B) 1986

C) 1987

D) 1988

**In which year the Consumer Protection Act was passed ?**

A) **1985**

B) **1986**

C) **1987**

D) **1988**

17. भारतीय रिजर्व बैंक का मुख्य कार्य क्या है ? **(1)**

A) करेन्सी का निर्गमन।

B) व्यक्तियों की जमाएँ एकत्रित करना।

C) जनता को ऋण देना।

D) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार।

**What is the main function of Reserve Bank of India ?**

A) **Issuing of currency**

B) **Collection of Deposits of people**

C) **Provision of loans to public**

D) **International Trade**

18. स्वयं सहायता समूह कौन संचालित करता है ? **(1)**

A) सरकार

B) पंचायत

C) सभी सदस्य

D) बैंक

**Who operates the self help Groups ?**

A) **The Government**

B) **Panchayat**

C) **All the members**

D) **Bank**

19. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का लाभ किसे प्राप्त होता है ? **(1)**

A) केवल विकसित देशों को

B) केवल अल्पविकसित देशों को

C) केवल गरीब देशों को

D) सभी देशों को

**Who gets the gains from International Trade ?**

A) **Only the developed countries**

B) **Only the under-developed countries**

C) **Only the poor countries**

D) **All the countries**

20. निम्नलिखित में से कौनसा उद्योग कृषि आधारित है ? **(1)**

A) लोहा व इस्पात उद्योग

B) सूती वस्त्र उद्योग

C) उर्वरक उद्योग

D) सीमेंट उद्योग

**Which of the following industries is based on agriculture ?**

A) **Iron and Steel Industry**

B) **Cotton Textile Industry**

C) **Fertilizer Industry**

D) **Cement Industry**

# खण्ड 'ब' (वर्णनात्मक — I) Part 'B' (Descriptive — I)

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए।**
**Write answers of the following questions in about 80 words each.**

1. नेपोलियन कौन था ? उसकी 'नागरिक संहिता' के किन्हीं दो बिंदुओं पर प्रकाश डालिए। $(1 + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2})$
**Who was Napoleon ? Write any two points of his civil code.**

**अथवा (OR)**

इटली का एकीकरण किस प्रकार हुआ ? **(4)**
**How was Italy unified ?**

2. भारत के चुनावों में जाति व्यवस्था का क्या प्रभाव है ? उदाहरणसहित उत्तर दीजिए। **(4)**
**What is the impact of caste system in Indian elections ? Write clearly with examples.**

**अथवा (OR)**

भारतीय राजनीति में राजनीतिक दलों के समक्ष क्या कठिनाइयाँ हैं ? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए। **(2+2)**

**What are the challenges of political parties in India ? Explain any two of them.**

3. भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्वीकरण के लाभों की चर्चा कीजिए। **(4)**

**Discuss the benefits of Globalisation on Indian Economy.**

**अथवा (OR)**

बाजार में उपभोक्ता का शोषण क्यों होता है ? संक्षिप्त में वर्णन कीजिए। **(4)**

**Why the exploitation of consumer takes place in the market ? Describe briefly.**

4. गैर-पारम्परगत ऊर्जा के साधनों का वर्णन कीजिए। **(4)**

**Describe the non—conventional sources of energy.**

**अथवा (OR)**

कृषि आधारित उद्योगों का वर्णन कीजिए। **(4)**

**Describe agricultural—based industries.**

# खण्ड 'ब' (वर्णनात्मक — II) Part 'B' (Descriptive — II)

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Write answers of the following questions in about 150 words.**

5. असहयोग आंदोलन क्या था ? यह क्यों चलाया गया ? किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए। **(2+2+2)**

**What was Non-cooperation Movement ? Why was it launched ? Write any two causes.**

**अथवा (OR)**

सविनय अवज्ञा आंदोलन का क्या अर्थ है ? नमक का इसमें क्या महत्व है ? इसका क्या प्रभाव पड़ा ? **(6)**

**What is the meaning of Civil Disobedience Movement ? What is the importance of salt in it ? What was its impact ?**

6. संघवाद क्या है ? भारतीय संघवाद की चार विशेषताएँ क्या हैं ? **(2+1+1+1+1)**

**What is federalism ? What are the four characteristics of federalism in India ?**

7. भारतीय कृषि की किन्हीं तीन मुख्य फसलों की व्याख्या कीजिए। **(2+2+2)**
**Explain any three main crops of Indian agriculture.**

**अथवा (OR)**

भू—संसाधनों के उपयोग के उद्देश्यों को लिखिए। **(6)**
**Write the objectives of the use of land-resources.**

8. भारतीय अर्थव्यवस्था के तृतीयक क्षेत्र अथवा सेवा क्षेत्र से आप क्या समझते हैं ? आर्थिक विकास में सेवा क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डालिए। **(6)**
**What do you understand by the Tertiary Sector or Service Sector of Indian Economy ? Focus on the importance of Service Sector in Economic Development.**

**अथवा (OR)**

भारत में संस्थागत साख के स्रोतों की विवेचना कीजिए। **(6)**
**Discuss Institutional Sources of credit in India.**

# (मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)
# (Questions related to Map Work)

9. A) निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए रेखा मानचित्र में $\odot$ (चिन्ह) द्वारा नाम दर्शाइए। सही नाम तथा सही स्थान अंकन हेतु $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है।
**In the given outline map of India, locate the following places by the symbol $\odot$ with names. For correct mention of name and marking of location $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}$ marks have been allotted.**

i) वह स्थान जहाँ नील की खेती करनेवाले किसानों का आंदोलन हुआ। $(\frac{1}{2} + \frac{1}{2})$
**The place where the Movement of Indigo Farmer took place.**

ii) वह स्थान जहाँ से सर्वप्रथम सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारंभ हुआ। $(\frac{1}{2} + \frac{1}{2})$
**The place from where the Civil Disobedience Movement first started.**

iii) वह स्थान जहाँ कांग्रेस के अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' की मांग की गई। $(\frac{1}{2} + \frac{1}{2})$
**The place where 'Purna Swaraj' was demanded in Congress session.**

iv) वह जनपद जहाँ जलियांवाला बाग हत्याकांड हुआ। $(\frac{1}{2} + \frac{1}{2})$
**The district where Jallianwala Bagh massacre took place.**

v) वह स्थान जहाँ दिसंबर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था। $(\frac{1}{2} + \frac{1}{2})$
**The place where the Congress session was held in December 1920.**

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 (A) मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप)**

**(Only for visually – impaired examinees in lieu of Q. N. 9 (A) Map Work)**

**निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।**
**Instruction : Write answer of the following questions in your answer-book. Do not use map.**

9. A) i) किस स्थान पर नील की खेती करनेवाले किसानों का आंदोलन हुआ ? **(1)**
**Where did the Indigo Farmer Movement take place ?**

ii) किस स्थान से सर्वप्रथम सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारंभ हुआ ? **(1)**
**From where did the Civil Disobedience Movement first started ?**

iii) किस स्थान पर कांग्रेस के अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' की मांग की गई ? **(1)**
**Where was the demand for 'Purna Swaraj' first made in Congress session ?**

iv) किस जनपद में जलियांवाला बाग हत्याकांड हुआ था ? **(1)**
**In which district did the Jallianwala Bagh massacre take place ?**

v) किस स्थान पर दिसंबर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ? **(1)**
**Where was the session of Congress held in December 1920 ?**

# (मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)
# (Map Related Questions)

**निर्देश : दिए गए भारत के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए।**
**Instructions : Show the followings on the given outline map of India.**

9. B) i) कपास का उत्पादन करनेवाले किसी एक प्रदेश को (O) (O) चिन्ह द्वारा नामसहित दर्शाइए। **(1)**
**Any one state producing cotton by (O) (O) sign with name.**

ii) भारत के प्रमुख प्राकृतिक गैस भंडार को # चिन्ह द्वारा नामसहित दर्शाइए। **(1)**
**The main Natural Gas Reserve by # sign with name.**

iii) मरुस्थली मृदा पाई जानेवाली किसी एक प्रदेश को ⊖⊖⊖ चिन्ह द्वारा नामसहित दर्शाइए। **(1)**

**Any one state where Desert soil is found by ⊖ ⊖ ⊖ sign with name.**

iv) किसी एक भारतीय समुद्री बन्दरगाह को ≈≈ चिन्ह द्वारा नामसहित दर्शाइए। **(1)**

**Any one Indian sea port by ≈≈ sign with name.**

v) भारत के प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को ∨∨ चिन्ह द्वारा नामसहित दर्शाइए। **(1)**

**The main International Air port by ∨∨ sign with name.**

**825 (GQ)** **(12)**

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 (B) मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)**

**(Only for visually impaired examinees in lieu of Map Work of question 9 (B))**

**निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।**

**Instructions : Write the answers of the following questions in your answer-book. Do not use map.**

9. B) i) कपास का उत्पादन करनेवाले किसी एक प्रदेश का नाम लिखिए। **(1)**

**Write the name of any one state producing cotton.**

ii) भारत का प्रमुख प्राकृतिक गैस भंडार कहाँ पाया जाता है ? **(1)**

**Where does the Natural Gas Reserve in India is found ?**

iii) मरुस्थली मिट्टी मुख्यतः कहाँ पाई जाती है ? **(1)**

**Where does the Desert soil is mainly found ?**

iv) किसी एक प्रमुख भारतीय समुद्री बन्दरगाह का नाम लिखिए। **(1)**

**Write the name of any one main Indian sea port.**

v) भारत के प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम लिखिए। **(1)**

**Write the name of the main International Air port of India.**

UPBoardHub